अमर उजाला

Sonebhadra News: नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार

बीजपुर/म्योरपुर। पिपरी और म्योरपुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। इस कार्य में संलिप्त पांच लोग भी गिरफ्तार किए गए हैं। उनके पास से पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध देसी शराब, शराब की शीशी के ढक्कन, बार कोड, रैपर सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। पुलिस ने पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया है।

एएसपी टीएन त्रिपाठी ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए गए अभियान के तहत म्योरपुर, पिपरी थाना व आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार की रात ग्राम खैराही स्थित आश्रम मोड़ के पास से एक मकान में दबिश दी। वहां बन रही नकली देसी शराब, शराब बनाने के उपकरण व उसमें मिलाए जाने वाली केमिकल के साथ 5 लोगों को पकड़ा।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/sonebhadra/fake-liquor-manufacturing-factory-busted-five-arrested-sonbhadra-news-c-194-1-son1001-8669-2024-01-24